**खबर संक्षेप**

### पांढुर्णा जिले में 3 दिन अवकाश घोषित

**पांढुर्णा ।** गत दिवस कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शासन द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांढुर्णा जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए। वर्ष 2024 के लिए पांढुर्णा जिले की सीमा के भीतर स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए मंगलवार 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन), शुक्रवार 11 अक्तु को दुर्गा नवमी (दुर्गा विसर्जन) तथा शुक्रवार 1 नवंबर को दीपावली के दूसरे दिन अवकाश की घोषणा जिला कलेक्टर द्वारा की गई है।

### जनशिक्षकों की मॉनिटरींग राशि 2 साल से नहीं दे रहे डीपीसी

**पांढुर्णा:** नगर के शिक्षा विभाग में जनशिक्षक का कार्य कर रहे 14 शिक्षकों की 3 लाख रू. से अधिक मॉनिटरींग राशि पिछले 2 साल से लंबित है। छिंदवाडा जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) के स्तर पर यह राशि दो वर्ष से बाकी है जिसके कारण जनशिक्षकों में काफी दुखी नजर आ रहे है। यहां उल्लेखनीय है जनशिक्षक बीते दो साल से हर माह अपनी जेब से खर्च कर निर्धारित शालाओं में विजिट कर अपना कर्तव्य निभा रहे है लेकिन छिंदवाडा में पदस्थ डीपीसी जे.के. इरपाची को इससे कोई मतलब नहीं है। ज्ञात हो कि प्रति जनशिक्षक 24 की राशि आज की तारीख में लंबित है जिसके लिए समस्त जनशिक्षक काफी परेशान हो रहे है। पिछले अनेक माह से डीपीसी जे.के. इरपाची से जब भी जनशिक्षकगण अपनी समस्या बताते है हर बार यह अधिकारी 2 दिन में डालता हूं, 4 दिन में डालता हूं या अगले सप्ताह डालता हूं कहकर महीनों से जनशिक्षकों को टाल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनशिक्षकों की मॉनिटरिंग राशि छिंदवाडा कार्यालय में आकर काफी पहले ही जमा हो चुकी है लेकिन डीपीसी के स्तर पर इस मामले को लंबित रखने के पीछे उनकी क्या मंशा है यह समझ से परे है।

## बेर के पेड़ को बीच में रख बनाए गए कचरा घर के कारण मामला आया था सुर्खियों में

# हरकपुरा पंचायत के पिंडरई में बने कचरा घर भरते ही टूट गए, निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया जनपद पंचायत की दूरस्थ ग्राम पंचायत हरकपुरा में अव्यवस्थाओं का अम्बार देखा जा सकता है। यह पंचायत निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार , फर्जी बिल लगाने जैसे आरोपों से सदा घिरी हुई है। यहां पर सचिव जब उनको खुद पंचायत में काम रहता है तब ग्राम पंचायत पहुंचते हैं। इस कारण ग्रामीणों के पंचायत से संबंधित काम में भी दिक्कत होने की बात ग्रामीण बतला रहे हैं।

अब ग्रामीणों में सचिव के प्रति दिन प्रतिदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है क्योंकि उनके पंचायत से संबंधित कार्य नहीं होने की दशा में सचिव के खिलाफ आक्रोश होना लाजमी है उनकी अपनी परेशानी हैं। लेकिन सचिव जो है, अपनी शर्तों पर नौकरी करने पर उतारू है। मनमाने तरीके से बिना पंचायत से प्रस्ताव पारित करवाये निर्माण कार्य शुरू कर अपने चहेते बेंडर के नाम भुगतान कर रहे हैं जिससे ग्रामीण अनजान है। लेकिन जब ग्राम पंचायत के पोर्टल पर जाएंगे तो साफ दिखेगा कि इस पंचायत में फर्जीवाड़ा जमकर किया जा रहा है।

पिछले वर्ष बेर के पेड़ के बीच में कचरा घर बनाकर सुर्खियों में आई यह ग्राम पंचायत अब नाडेफ निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया सामने आने लगा। इसका यदि किसी को उदाहरण देखना है तो पंचायत के ग्राम पिंडरई में गेंदालाल के घर के सामने बनाया गया कचरा घर इतना गुणवत्ताहीन बनाया गया है कि वह कूड़ा करकट भरने से ही भर नहीं पाया और बीचों-बीच से टूट गया है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतने छोटे काम में भी इन्होंने अपनी भ्रष्ट नीति अपनाकर भ्रष्टाचार किया। वहीं इसी से कुछ दूर एक मकान के पास का तो ग्रामीणों के बतलाये अनुसार कचरा खाने आए जानवरों के पैर के धक्के से लगते ही टूट गया यदि ग्रामीणों का कथन सत्य है तो इस कचरा घर में किए गए भ्रष्टाचार की जांच तो बनती है।

इसी तरह हरकपुरा ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यो एवं फर्जी प्रस्ताव के माध्यम से जनपद कार्यालय में तकनीकी अमले से सांठगांठ निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार करना सचिव का आचरण बन गया। इस तरह यदि इस ग्राम पंचायत में वर्तमान सचिव के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन करवाएंगे तो कचरा घर के साथ-साथ हर निर्माण कार्य में सामने आएगा। अब देखना यह है कि जो कचरा टूट फूट गए यदि उन्हें दोबारा व्यवस्थित और मजबूत ढंग से नहीं बनाया गया तो स्वच्छता मिशन के उद्देश्य से बने यह कचरा घर गंदगी का पर्याय बन जाएंगे।

## सीसीटीवी वीडियो पुलिस को सौंपा

# दुकान में घुसकर गुंडागर्दी, पुलिस से की गई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

बस स्टैंड परिसर स्थित घडी, चश्मे और गॉगल्स के मालिक किशोर मोदी के साथ कल रात्रि दुकान बंद करते समय दो युवकों द्वारा धक्का मुक्की और गालीगलौज करने का आरोप लगाते हुए इस आशय की शिकायत पुलिस थाना पांढुर्ना में की गई। किशोर मोदी ने शक जताया है कि यह दो युवक उनकी दुकान में लूटपाट और तोड फोड करने के इरादे से आए थे लेकिन इन्होंने अपने बडे भाई के सहयोग से दुकान का शटर जल्द बंद कर दिया इसलिए अनहोनी नहीं हुई। दुकानदार किशोर ने एक युवक का नाम श्री बताया है। किशोर मोदी ने पुलिस को बताया कि कल रात्रि दुकान बंद करते समय दो युवक अचानक उनकी दुकान पर आए और उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए धक्का मुक्की करने लगे। इसका विरोध करने पर युवकों ने दुकान के काऊंटर पर जोर जोर से हाथ पटक कर गालीगलौज करने लगे थे।

युवकों द्वारा की जा रही बदतमीजी का विरोध करने पर किशोर के बडे भाई को युवकों ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। दुकानदार ने अपनी शिकायत के साथ युवकों द्वारा की जा रही धक्कामुक्की का सी.सी.टी.वी. वीडियों पुलिस के सौंपा है।


# सतपुड़ा टाइगर छिंदवाड़ा बनी सिरमौर, यूनिक क्लब परासिया रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा नगर के स्टेडियम ग्राउंड में स्वर्गीय निर्मला देवी ठाकुर की स्मृति में 37 वर्ष की नव चेतना क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन एवं पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया प्रति जानकारी के अनुसार विगत एक सप्ताह से चल रहा नव चेतना क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट की कई बड़ी टीमों ने हिस्सा लिया जिसका फाइनल मुकाबला मंगलवार को सतपुड़ा टाइगर छिंदवाड़ा और यूनिक क्लब परासिया के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित 20-20 ओवर में 132 रन का स्कोर खड़ा किया जिसका पीछा करने उतरी सतपुड़ा टाइगर छिंदवाड़ा ने 15 ओवर में ही अपना लक्ष्य पूरा कर लिया इस प्रकार सतपुड़ा टाइगर विजेता टीम रही वही विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नगद राशि से पुरस्कृत किया गया क्रिकेट खिलाड़ियों को अलग-अलग पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का हुआ आयोजनपुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश पोफली जिला अध्यक्ष भाजपा, नवचेतना क्रिकेट क्लब के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम नारायण ठाकुर,पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, अजय चोरे, राजू परमार पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, संतोष जैन आदि मौजूद रहे।

# गर्ल्स कॉलेज की छात्रा को सोनम को कुमीते स्पर्धा में मिला गोल्ड मेडल



**छिंदवाड़ा।** राज्य कराटे चैंपियनशिप में राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज की छात्रा सोनम यदुवंशी ने कुमीते स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल किया इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डाक्टर अजरा एजाज , स्पोर्ट्स ऑफिसर अजय ठाकुर ,कराटे कोच ओमकार मोहबे , रविंद्र कुमार जायसवाल, कविता थापा ने छात्रा को बधाई दी।

## आज निर्मोह सागर, मुनि प्रणीत सागर का होगा भव्य मंगल नगर प्रवेश



**जुन्नारदेव-** : जैन मुनियों का आज नगर आगमन होने जा रहा है।जिसको लेकर जैन समाज में हर्ष व्याप्त है। उनके आगमन एवं स्वागत की तैयारी में जैन मंदिर में आवश्यक बैठक ली गई तथा कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा हुई। जिसके अनुसार परम पूज्य १०८ आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि १०८ श्री निर्मोह सागर जी, मुनि १०८श्री प्रणीत सागर जी भव्य मंगल नगर प्रवेश आज सुबह धर्म नगरी जुन्नारदेव मे होने जा रहा है।आप सभी से विनम्र आग्रह है कि चर्च तिराह जुन्नारदेव में सुबह 08 बजे आगमन हो रहा है। अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भव्य नगर प्रवेश करें मुनि द्वय के सानिध्य में। तत पश्चात श्री १००८ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी मे श्री जी का अभिषेक, शांति धारा, मुनि श्री की मंगल देशना श्रवण करें । आहार चर्या नगर मे ही संपन्न होगी। उक्त जानकारी राकेश जैन द्वारा दी गई और नगर वासियों से अपील की गई है कि कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

# श्री राम महोत्सव को लेकर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

श्री राम महोत्सव कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए बीते गुरुवार को कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई मारुति नंदन सेवा समिति की अगुवाई में श्री राम महोत्सव भव्य रूप से मनाए जाने की तैयारी बड़े जोर शोर से पूरे जिले में चल रही है जिसके तहत अमरवाड़ा में आयोजित उक्त बैठक को संबोधित करते हुए मारुति नंदन सेवा समिति के आनंद बक्शी द्वारा विस्तार से पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई जिसमें बताया गया कि यह कोई राजनीतिक बैठक नहीं है श्री राम महोत्सव कार्यक्रम अंतर आत्मा से प्रेरित है जिसके तहत समिति द्वारा चार से 9 जनवरी तक 4:30 करोड़ राम नाम पत्रक राम नाम लेखन के लिए सा सम्मान घर-घर वितरित किए जाएंगे वहीं 11 से 14 जनवरी के बीच राम नाम का जाप किया जाएगा जिसमें 1111 बार राम नाम जप किया जाएगा यह कार्यक्रम प्रत्येक प्रतिष्ठित मंदिरों में हो हर मंदिर समिति गणेश उत्सव समिति दुर्गा उत्सव समिति कि इसमें सहभागिता हो वही अमरवाड़ा में लगभग 50000 पत्रक भर जाना है इसी तरह 15 से 18 जनवरी के बीच महिला मानस मंडली के कार्यक्रम संपन्न होंगे एवं 21 जनवरी तक पत्रक जमा किए जाएंगे तथा 22 जनवरी को अखंड रामायण का पाठ होगा 22 जनवरी को सभी पत्रक विधिवत पूजा अर्चना के साथ संग्रहित करके सिमरिया हनुमत धाम छिंदवाड़ा पहुंचना है।

# जन-जन का भविष्य संवारना ही मोदी का संकल्पः बंटी साहू

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शहरी क्षेत्र में भी हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



देश के जन जन का भविष्य संवारना ही नरेंद्र मोदी सरकार का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। शहरों के साथ साथ गांव गांव मजरे और टोले में ये यात्रा पहुंच रही है और मौके पर ही आम जन की समस्यायों का समाधान किया जा रहा है। यह बात ज़िला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कही। वे राजपाल चौक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नगर निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार से शुरू हुई। राजपाल चौक, पुराना छपाखाना के अलावा कचरिया और बम्हनी पंचायत में भी यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने कहा कि गांव, मजरे टोले और छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। इसलिए अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। कोशिश यही है कि वॉटर सप्लाई हो, ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम हो, ट्रैफिक सिस्टम हो, शहरों में सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क हो, इन सभी को लगातार अपग्रेड किया जाए। स्वच्छता हो, पब्लिक टॉयलेट्स हों, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स हों, शहरों में इन पर भी पहली बार इतने व्यापक स्तर पर काम हो रहा है। हर किसी को इन बढ़ती हुई सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने कहा की

श्री नरेंद्र मोदी की सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी हर चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। आपने देखा है, जब कोरोना का इतना बड़ा संकट आया तो सरकार ने आपकी मदद करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। ये हमारी सरकार है जिसने हर व्यक्ति को कोरोना की मुफ्त वैक्सीन सुनिश्चित कराई। ये मोदी जी की ही सरकार है जिसने कोरोना काल में हर गरीब को मुफ्त राशन की योजना शुरू की। ये मोदी जी की ही सरकार है जिसने कोराना काल में छोटे उद्योगों को बचाने के लिए लाखों करोड़ रुपए की मदद भेजी। विवेक बंटी साहू ने कहा की जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरु हो जाती है।

उन्होंने कहा की हमारे रेहड़ी, ठेले-पटरी, फुटपाथ पर काम करने वाले, ये सभी साथी नाउम्मीद हो चुके थे। उनको लगता था चलो भई ऐसे ही गुजारा करो कुछ होने वाला नहीं है। उनको पूछने वाला कोई नहीं था। इन साथियों को पहली बार बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का काम श्री मोदी की सरकार ने किया है।

# जिला माली समाज ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती



**छिंदवाड़ा** - बुधवार को जिला माली समाज विकास परिषद द्वारा समाज गौरव देश की प्रथम महिला शिक्षक एवं समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयंती माली समाज भवन में अध्यक्ष भाउराव चरपे की अध्यक्षता में परिषद के कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज बंधु तथा मातृशक्ति की उपस्थिति में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर उनके द्वारा किये समाज सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद कर मनायी गयी । इस अवसर पर भाऊराव चरपे, सतेन्द्र सेमेकार, अशोक अंबाडकर, विजय घोरसे, तुलसीराम चोरकर, जानराव चरपे, दीकप बाड़बुधे, नामदेव सरोदे, शिवराम आलोनकर, ज्ञानेश्वरी कन्हेरे, राजेश भगत, राजकुमार आलोनकर, विनोद कारटे, प्रभाकर अलोने, गोविन्दराव आलोनकर, रमेश घोरसे, माणिकराव भोजे, दिपेश चरपे, पांडुरंग घोरसे, दीपक सेमेकार, कैलाश दास, अजय चरपे, देवानंद निकाजू, सुरेश घोरसे, गणेश कारटे, मिलिन्द चरपे, निखिल दोड़के, संजय दास उपस्थित थे ।

### ग्रामीण अंचलों में बाधित विद्युत आपूर्ति

**छिंदवाड़ा** : विधुत वितरण कंपनी के 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे खोखले साबित हो रहें हैं टांसफार्मर आये दिन खराब होते रहते है ।ग्रामीण अंचलों में आलम यह है कि घरेलू फीडर में आपूर्ति सुचारू रखते हैं तो कृषि फीडर प्रभावित होता है कृषि फीडर को दस घण्टे आपूर्ति की जाती है तो घरेलू फीडर में वोल्टेज की समस्या होने लगती है सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत हिबरखेड़ी सब स्टेशन की हालत तो ओर भी दयनीय है इतिहास गवाह है कि यहाँ भूला हिवरखेड़ी डी एल फीडर के 12 ग्रामों में कभी भी निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं होती है इस संबंध में सरपंच संघ अध्यक्ष एवं सरपंच धनोरा परशराम वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग के लापरवाही के चलते बिजली ट्रिपिंग एवं वोल्टेज की समस्या की शिकायत प्रतिदिन आती है।

## पीपलानारायणवार का है मामला, नागरिकों को होती है खासी परेशानी

# वार्ड नंबर एक में बने हुए लाखों के शौचालय को तोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए पीपला नारायण वार के महिला शौचालय को तोड़ने की मांगअब नागरिकों के द्वारा की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीपला नारायण वार के वार्ड क्रमांक 1 में नगर पंचायत के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर 10 साल पूर्व यहां पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया था।

परंतु 10 साल से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी अब तक इस शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लगभग 80% राशि खर्च होने के बावजूद और निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी शौचालय के लाभ इस वार्ड और नगर वासियों को नहीं मिल रहा है।कहां जा रहा है कि महिला शौचालय का निर्माण गलत स्थान पर किया गया है।जिसके चलते अब वार्ड वासियों एवं नगर वासियों के द्वारा इस सार्वजनिक शौचालय को तोड़ने की मांग की जा रही है। पूर्व में भी अव्यवस्थित और बीच सड़क पर बने हुए इस शौचालय को तोड़ने की मांग नगर वासियों के द्वारा कई बार की जा चुकी है।परंतु नपा में बैठे हुए जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं देने के चलते वर्तमान में भी यह शौचालयनागरिकों को परेशान करता हुआ नजर आ रहा है। वर्तमान में महिला शौचालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। एक और जहां सरकार की ओर से स्वच्छ भारत सुंदर भारत का नारा देते हुए शौचालय के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की जा रही है।

वहीं दूसरी और जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकार की गाड़ी कमाई की राशि का दुरुपयोग होता हुआ पीपला नारायण वार में नजर आ रहा है।

आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

### नगर पालिका सभागृह में स्वच्छता सभापति ने ली बैठक

# अनावश्यक कहीं भी कचरा डालने पर नगर पालिका करेगी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

सिवनी रोड डिवाइडर से लेकर छिंदवाड़ा रोड डिवाइडर तक होगी सफाई चौरई नगर में स्वच्छता को लेकर जगह-जगह से शिकायतें सामने आने के बाद नगर पालिका की स्वच्छता सभापति नीलू निर्मलकर की अध्यक्षता में नगर पालिका सभागृह में स्वच्छता कर्मियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है।

जिसमें प्रमुख रूप से स्वच्छता सभापति के द्वारा बिंदु बार शिकायतों पर चर्चा की गई है जिसमें प्रमुख रूप से वार्डों में नियमित साफ-सफाई नहीं होना कचरा गाड़ी का नियमित वार्डों में नहीं पहुंचाना प्रमुख कारण रहा है। जिस पर चर्चा करते हुए सफाई दरोगाओं से बात की गई। एवं कचरा गाड़ी संचालकों से भी एक-एक कर चर्चा कर समस्या को जाना गया है। इसी के साथ ही सफाई कर्मियों द्वारा गाड़ी का बार-बार बिगड़ना मुख्य कारण बताया गया है। साथ ही सफाई कर्मियों की कमी भी मुख्य समस्या रही है। जिस पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों के द्वारा नए शेड्यूल जारी कर प्रत्येक गाड़ी के माध्यम से 5 वार्ड कवर करने की बात कही गई।

समस्याओं को जानकर सभापति के द्वारा अधिकारियों से सफाई कर्मियों की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए सुधार करने एवं इनका समय पर वेतन करने की बात भी कही गई। बैठक के दौरान बैठक का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभयराज सिंह स्वच्छता नोडल अधिकारी उप यंत्री शेख आशिक स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर भुजेंद्र शर्मा श्याम चौरसिया के द्वारा किया गयामकान निर्माण का रोड पर फैला मटेरियलबैठक के दौरान स्वच्छता कर्मियों के द्वारा जानकारी दी गई कि नगर में मकान निर्माण के दौरान जगह-जगह मटेरियल पड़ा हुआ है जिससे की गाड़ी के आवागमन एवं साफ सफाई में परेशानी होती है जिस पर निर्णय लेते हुए स्वच्छता सभापति के द्वारा अधिकारियों से नगर में भ्रमण कर जहां मटेरियल फैला है उनको नोटिस जारी कर कार्रवाई करने की बात कही।व्यापारी एवं नागरिकों द्वारा रोड पर डाला जा रहा है कचरासफाई ट्राली संचालकों के द्वारा जानकारी में बताया गया है कि रोड में प्रतिदिन मुख मार्ग में कम्युनिटी हॉल के सामने एवं विजय स्तंभ बाजार चौक पर नागरिकों एवं व्यापारियों के द्वारा कचरा डाल दिया जाता है जो भी एक प्रमुख कारण रहा है बार-बार मना करने के बाद भी कचरा रोड पर ही डाल दिया जाता है क्योंकि फेल कर आसपास एरिया को गंदा करता है कई बार मना किया लेकिन धमकाया जाता है इन पर भी स्वच्छता सभापति ने नाराजगी जाहिर करते हुए जुर्माना की कार्यवाही करने की बात कही।बैठक में स्वच्छता सभापति निर्मालकर के द्वारा नगर पालिका के लेखा अधिकारी ओमकार प्रकाश साहू स्थापना शाखा के सुमेरचंद साहू योजना प्रभारी देवांश ठाकुर गाड़ी एवं डीजल व्यवस्थापक राजेश निर्मलकर के साथ सफाई दरोगा कुणाल पवार दिलीप शर्मा से भी स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा की साथ ही सफाई कर्मियों से नगर में स्वच्छता बनी रहे के लिए अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वहन करने एवं नागरिकों की समस्याओं पर समय अनुरूप निराकरण करने की बात कही।इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

### भाजपा ग्रामीण मंडल चौरई की बैठक संपन्न



**चौरई :** आज सेवा सदन कार्यालय चौरई में भाजपा मंडल चौरई ग्रामीण की मंडल कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर जी युवा नेता सौरभ ठाकुर जी और जया विश्वकर्मा जी उपस्थित रहे जिन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के आने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की भाजपा के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत कर मंडल के कार्यक्रमों की रुपरेखा की जानकारी दी इस बैठक में सभी मोर्चों के अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी सभी शक्ति केन्द्रो के पंच परमेश्वर उपस्थित रहे।

## विधायक ने लोगों से मिलकर दी नववर्ष की शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

निर्वाचित होने के बाद जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके लगातार अपने क्षेत्र के मतदाताओं के बीच आभार जताने पहुँच रहे है। बुधवार वे अपने कार्यकर्त्ताओं के साथ जुन्नारदेव विशाला एवं दातलावादी में पहुँचे। जुन्नारदेव विशाला एवं दातलावादी में बैठक कर ग्रामीणों से मेल मुलाकात की। वे ग्रामवासियों का आभार जताने के लिए हर क्षेत्र के हर गांव के मजरे टोलो तक पहुँच रहे है।ग्रामीण जनता के बीच भेंट मुलाकात करते हुए उन्होंने दोहराया कि क्षेत्र की ग्रामीण जनता ने उन पर भरोसा जताया है इसके लिए वे सदा जनता के आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा आप लोगो ने मुझे अपने प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सरकार में भेजा है। आपके प्यार स्नेह और आत्मीयता से पूरा क्षेत्र मेरा परिवार बन गया है। अब आपका सुख मेरा सुख और आपका दुःख मेरा दुःख है। जुन्नारदेव विशाला एवं दातलावादी पहुँचने पर क्षेत्रीय कांग्रेस के निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया। इसके बाद क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ दूसरी बार विधायक बने सुनील उईके ने आम जनता के बीच पहुँच कर हरेक नागरिक का आभार जताया। क्षेत्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के साथ वे सभी से मिले। इस बार उन्होंने साफ मैसेज दिया कि जनता उन्हें अपना नेता या विधायक नही बल्कि अपना भाई, बेटा और दोस्त ही समझे। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरकर सबकी मदद के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। क्षेत्र के लिए दूसरी बार विधानसभा सदस्य बनने के बाद सुनील उईके ने ग्रामीण जनता के सामने जन सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा प्रदेश,जिले की जनता ने कांग्रेस और कमलनाथ जी पर विश्वास जताया है तो भरोसा रखिए कांग्रेस और कमलनाथ जी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा पांढुर्ना के विकास के लिए कांग्रेस संगठन पूरे दम खम के साथ संवैधानिक तरीके से क्षेत्र का विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ेगा।क्षेत्र में जहाँ कहीं भी जनता की समस्या मेरे संज्ञान में आयेगी उसे उसे शासन तक पहुँचा कर निराकरण करूँगा।



### गन्ना खरीदी का मूल्य 350 प्रति क्विंटल करे जाने की मांग की, सौंपा ज्ञापन

**चौरई।** आज जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने गन्ना किसानों के साथ मिलकर चौरई तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा जिसमें उन्होंने मांग करी कि छिंदवाड़ा में मिल मालिकों द्वारा अभी 330 प्रति क्विंटल गन्ना खरीदी की जा रही है जबकि पड़ोसी जिलों में 1 तारीख से 350 रुपए प्रति क्विंटल से गन्ना खरीदी प्रारंभ हो चुकी है रघुवंशी ने मांग करी की 1 जनवरी से छिंदवाड़ा की सभी शुगर मिलो मैं भी 350 प्रति क्विंटल के भाव किसानों को प्रदान किए जाएं मिल मालिकों द्वारा क्षेत्र के किसानों का लगातार शोषण किया जाता है उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि 1 तारीख से 350 रुपए प्रति क्विंटल का भाव किसानों को नहीं दिया जाएगा तो किसान शुगर मिल का घेराव और धरना प्रदर्शन करेंगे इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर सौरभ ठाकुर सहित सभी क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## भाजपा की कामकाजी बैठक सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनी रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक विवेकानंद आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रभारी दारा जुनेजा ने बैठक को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा तक पार्टी के द्वारा घोषित कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक पहुंचाने को कहा। नगर मंडल अध्यक्ष नवजीत मोनू जैन ने मंडल के कार्यक्रमों से अवगत कराते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियो की जानकारी दी। इस दौरान नपा अध्यक्ष रमेश सलोडे,नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे भाजपा नेता पार्षद संजय जैन देवेंद्र टांडेकर विजयपाल विशाल , आमेर यदुवंशी राजेश श्रीवास्तव,विष्णु काका,दर्शन मिगलानी,तरुण उपाध्याय,शिवकुमार राय, गौरव सिंह, विवेक चंद्रवंशी, पार्षद अमित यादव, प्रमोद बंदेवार, राजेंद्र सूर्यवंशी, गोपाल विश्वकर्मा, अंकुर रघुवंशी,भुवनेश्वरी भन्नारे,स्मृति यादव, सहित भाजपा के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में पदस्थ औषधि निरीक्षक, नापतौल निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक और सहकारिता निरीक्षक के कार्यों की समीक्षा करें कलेक्टर: समरीते

हरिभूमि न्यूज लांजी।



संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बालाघाट कलेक्टर गिरीश मिश्रा से जिले में पदस्थ औषधि निरीक्षक, नापतौल निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक और सहकारिता निरीक्षक और जीएसटी अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाकर उनके कार्यों की समीक्षा करने की मांग की है। श्री समरीते ने कहा की बालाघाट कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा अपनी पदस्थापना से लेकर लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में औषधि निरीक्षक, नापतौल निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक और सहकारिता निरीक्षक और जीएसटी अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा नहीं की है जिससे ये तमाम अधिकारी पूरी तरह से बेलगाम हो चुके हैं। कलेक्टर द्वारा इनके कार्यों की समीक्षा करके इनकी गोपनीय चरित्रावली की भी जांच करनी चाहिए तथा जिले में यह अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे है इनकी विशेष समीक्षा बैठक बुलाकर इनके कार्यों की जांच करें।

## ग्राम जरही में राम नाम जप के साथ निकाली गई अयोध्या से आई अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर के ग्राम जराही में श्री राम मंदिर से आई अक्षत के साथ भव्य अक्षत कलश हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गयी। सर्व प्रथम कलशयात्रा का शुभारंभ अक्षत कलश समिति सदस्य के द्वारा अक्षत कलश का पुजन कर उपस्थित सभी भजन मंडली की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ विशेष कर शोभायात्रा में सभी ग्राम वासियों और बहने भी कलश यात्रा मे शामिल हुई।कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए सभी मंदिर में पहुंचकर समापन हुआ।अक्षद कलश धारण कर ग्राम मे भ्रमण किया गया समापन समारोह में मंगल तिलक कर पुष्पहार से स्वागत किया गया कलश यात्रा में माताओं, बहनों और ग्राम वासियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया इस कलश यात्रा में विभिन्न भजन मंडली की महिलाएं पित वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में चलकर शामिल हुई ग्रामवासियों के द्वारा भव्य कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।शोभायात्रा में जनता का इतना बड़ा उत्साह देख कर ऐसा लगता है कि जिस समय राम जी अयोध्या लौटकर वापस आए थे और सभी अयोध्या में उत्साह का माहौल था ठीक उसी तरह पूरे देश में माहौल देखने को मिल रहा है। सभी ग्राम वासी जिसमें मुकेश गौतम, एन आर गर्दे ,मोहन कटरे पूर्व सरपंच ,दशरथ दशमेर सरपंच , भुनेश पारधी, इंद्राज गौतम ,गिरधर रंहांग डाले, गेंदलाल गौतम,बी एल टेंभरे ,संजय सेंद्रे, शैलेंद्र टेंभरे ,शुभम रंहांगडाले ,तेजलाल कटरे ,प्रवीण टेंभरे ,छाया देवी गौतम, प्रेमलता गौतम ,माया भगत ,बाली भगत, रोशनी गौतम, शांता रहांगडाले,योगेश्वरी रंहांग डाले ,परबता चौधरी ,निर्मला कटरे,रुक्मणी भास्कर, भूमेश्वरी गौतम ,गीता पारधी ,परमेश्वरी गौतम, लक्ष्मण पारधी ,कमलेश गौतम, जितेश बिसेन, जुगराज रंहांग डाले ,नंदकिशोर गौतम, दशरथ चौधरी, नरेंद्र रामटेके ,उमेश भाद्रे, ऐमन गौतम, सुशीला रहांगडाले ,भगवती गौतम, नेहा गौतम ,बबीता गौतम, सोनतला गौतम, योगेश्वरी गौतम, साधना कटरे,आशा कटरे ,अमन बाई गौतम ,राजेश्वरी बाई गौतम ,लक्ष्मी रंहांग डाले ,दिनेश्वरी आंचल गौतम, गीताबाई गौतम, निलेश्वरी पारधी ,देवगन गौतम, उर्मिला गौतमउपस्थित रहे।



## मॉयल ने दिसंबर 2023 में 31 प्रतिशत का रिकार्ड उत्पादन किया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के भरवेली,उकवा,तिरोडी,सीतापठोर सहित महाराष्ट्र के अन्य जिलो में स्थित मॉयल लिमिटेड की खदानो में वर्ष 2023 में मैंगनीज उत्पादन में नई उपलब्धियां अर्जित की है, कंपनी ने अपने शानदार निष्पादन को जारी रखते हुए मॉयल ने दिसंबर 2023 में मैंगनीज (एम.एन.)अयस्क का अबतक का सबसे अच्छा मासिक उत्पादन एवं 1.85 लाख टन का पंजीकृत उत्पादन हासिल किया जो वर्ष दर वर्ष 31 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान वित्त वर्ष में दिसंबर 2023 तक कंपनी ने 12.73 लाख टन मैंगनीज अयस्क के उत्पादन के साथ वर्ष दर वर्ष 41 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृध्दि दर्ज की है, बिक्री के क्षेत्र पर भी कंपनी ने 11.01 लाख टन मैंगनीज अयस्क की ब्रिक्री के साथ वित्त वर्ष 2024 के पहले 9 महिनो के दौरान 40 प्रतिशत की प्रभावशील वृध्दि जारी रखी, कंपनी अन्वेषण पर अत्यधिक जोर दे रही है, दिसंबर 2023 में ही मॉयल ने 11482 मीटर की कोर ड्रीलिंग पूरी की जो कंपनी की स्थापना के बाद से अबतक की सबसे अच्छी मासिक कोर ड्रीलिंग है, अप्रैल से दिसंबर 2023 की अवधी के दौरान मॉयल ने 60870 मीटर की कोर ड्रीलिंग की है जो वर्ष दर वर्ष दोगुनी से अधिक है, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने 1 जनवरी 2024 को कंपनी के कर्मचारियों की एक बडी जनसभा को संबोधित किया और उन्हे उनके संयुक्त प्रयासो के लिए बधाई दी जिसके परिणामस्वरूप यह निष्पादन हुआ, कार्यबल ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि इस वृध्दि को बनाएं रखा जाएगा और आगे सुधार के लिए सुझाव भी दिए जाएंगे।

### एसडीएम ने सीमांकन के लिए बनाई टीम, 9 जनवरी तक सभी खदानों का सीमांकन करने के दिए निर्देश

## विधायकों की पहल रंग लाई : वारासिवनी अनुविभाग की 35 रेत खदानों के सीमांकन की प्रक्रिया प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देश के बाद रेत खदानों व घाटों के सीमांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हैं। जिसकी शुरुआत 3 जनवरी से वारासिवनी क्षेत्र के सिवनी रेत घाट भूमि खसरा नम्बर 442/1 से हुई हैं। जिसका सीमांकन एसडीएम कामनी ठाकुर द्वारा बनाई गई टीम में शामिल दिलीप डोंगरे राजस्व निरीक्षक, संबंधित हल्का पटवारी शिव प्रसाद पटले, रविन्द्र पटले, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग व खनिज विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

**जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में सभी विधायकों ने उठाई थी मॉग:** विदित हो कि जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में नये वर्ष पर 1 जनवरी को हुई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में जिले के 5 विधायकों क्रमशः गौरव सिंह पारधी कटंगी, विवेक विक्की पटेल वारासिवनी, अनुभा मुंजारे बालाघाट, मधु भगत परसवाड़ा व राजकुमार कर्राहे लॉजी द्वारा जिले के रेत खदानों से अवैध रुप से हो उत्खनन, ओवरलोडिंग, परिवहन, भंडारण और रेत उत्खनन से होने वाले नुकसान पर विस्तृत चर्चा कर अपने-अपने विचार रखे गए थे।

**कलेक्टर ने एसडीएम को दिए हैं एक सप्ताह में सीमांकन के निर्देश:** इस बैठक में विशेष रुप से सभी विधायकों ने मिट्टी, मुरुम की अवैध ट्रेक्टर व घाटों की जानकारी मांगने के साथ ही रेत घाटों का सीमांकन करवाने की बात भी कही गई। जिसके बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सभी एसडीएम को एक सप्ताह के अंदर रेत खदानों व घाटों का सीमांकन करवाने के निर्देश दिए थे।

**एसडीएम वारासिवनी ने बनाई राजस्व निरीक्षकों के नेतृत्व में टीम:** जिसके परिप्रेक्ष्य में एसडीएम वारासिवनी कामनी ठाकुर द्वारा अनुविभाग वारासिवनी अंतर्गत खनिज रेत खदानों की भूमि का सीमांकन करने के लिए राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों का दल गठित किया हैं। वारासिवनी तहसील के 17 रेत खदानों क्रमशः सिवनी, चंदोरी, कौलीवाड़ा, सिंगोड़ी, कटंगटोला, रामपायली, मेंहदीवाड़ा का राजस्व निरीक्षक दिलीप डोंगरे के नेतृत्व में, बासी, सावंगी, बुदबुदा, सरंडी व गटापायली का राजस्व निरीक्षक मुकेश सोनी, दीनी, जागपुर, पूनी का राजस्व निरीक्षक तिलक घोरमारे, खैरलॉजी तहसील के 14 रेत घाटों में घोटी, चिचगॉव, गुनई, लावनी, चिचोली व बकोड़ी का राजस्व निरीक्षक हरिशंकर साकेत, टेमनी, भौरगढ़, खैरी, सावरी, चिचोली, चुटिया का राजस्व निरीक्षक खेमलाल मर्सकोले, गजपुर व टुईयापार का राजस्व निरीक्षक कल्याण सिंह श्याम व लालबर्रा तहसील की 4 रेत खदानों क्रमशः ददिया व छिंदलई का राजस्व निरीक्षक अशोक उइके तथा कौडिय़ा व साल्हे की रेत खदान का सीमांकन राजस्व निरीक्षक राजेश सिंह चंदेल के नेतृत्व में गठित दल द्वारा किया जायेगा।

**नोडल अधिकारी के रुप में तहसीलदार रखेगे नजर:** इन रेत खदानों का सीमांकन 3 जनवरी से लेकर 4, 5, 6, 7, 8 व 9 जनवरी तक किया जायेगा। इस पूरी कार्यवाही का नोडल अधिकारी संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों को बनाया गया हैं, जो इस सीमांकन की प्रक्रिया पर नजर रखेगे, इसके अलावा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खनिज विभाग को इस कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिए गये हैं। इन रेत खदानों के सीमांकन की तिथियों व अधिकारियों की जानकारी वारासिवनी-खैरलॉजी विधायक विवेक विक्की पटेल के निज सहायक व बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के निज सहायक को भी दी गई हैं।

3 जनवरी को सिवनी रेत खदान के सीमांकन के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रतिनिधि के रुप में सुनील राणा, जावेद खान, हरि क्षीरसागर, अनीश बेग, कैलाश दुल्हानी सहित ग्राम सिकन्द्रा व आसपास के ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

### इनका कहना हैं

कलेक्टर साहब के आदेश पर वारासिवनी अनुविभाग की 35 रेत खदानों के सीमांकन की प्रक्रिया आज 3 जनवरी से प्रारंभ कर दी गई हैं। जो 9 जनवरी तक चलेगी। यह प्रक्रिया ग्रामीणों व अधिकारियों की उपस्थिति में की जा रही हैं। जिससे ग्रामीणों को भी रेत खदान की सीमा का ज्ञान रहे। इस मामले को जिले के विधायकगणों द्वारा टास्क फोर्स की बैठक में उठाया गया था। इसीलिए सीमांकन की एक-एक प्रति संबंधित क्षेत्र के विधायक को भी प्रदान की जायेगी।

**कामनी ठाकुर, एसडीएम, वारासिवनी**

### ग्राम चंगेरा में मंडई में शामिल हुए विधायक

## भारतीय संस्कृति की धरोहर है मंडई मेला : पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बालाघाट जिले सहित वारासिवनी खैरलाँजी क्षेत्र में मंडई मेले की अलग ही पहचान हैं, जिसे हम अपने पूर्वजों से पीढ़ी दर पीढ़ी देखते आ रहें हैं। हमें भी इस रोहर को बनाये रखना है और आने वाली पीढ़ी तक जीवित रखना हैं। मंडई को ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। इस तरह प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत चंगेरा में एक दिवसीय मंडई का आयोजन किया गया हैं। वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल के ग्राम चंगेरा पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा आतिशबाजी व ढ़ोल नगाड़ो के साथ उनका स्वागत किया गया। हमारे गांव में भरने वाली मंडई मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं। मेले के माध्यम से लोग एक दूसरे के नजदीक आते हैं, जो भाईचारा को बनाये रखता हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इसे बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। हमारा बालाघाट जिला किसानों का क्षेत्र हैं। हमने विधानसभा में किसानों की बात रखी हैं कि सरकार ने जो वादा किया था, उसे आप निभाये। माता बहनों को प्रतिमाह तीन हजार रूपये मिले। वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र में कोई भी काम नहीं रुकेगा, हम दुगुने रफ्तार से विकास करायेंगे। क्षेत्र की जनता जो काम बोलेगी, उसे हम पूरा करेंगे।इस दौरान पूर्व सरपंच गौस अली खान, ब्लॉक कांग्रेस डोंगरमाली अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू राजपूत, जिला कांग्रेस सहसचिव सुदेश गुड्डू सोनी, राजकुमार चौधरी, मनीष दुवारे, संतोष ठकरेले, भागवत बिसेन, बबलू टेम्भरे, खैरलाल बिसेन, अकबर अली, सुरेश भालाधरे, मोहरलाल धुवारे, किशोर कोलते, शिवचरण कुर्वे, मनोज पांचे, मनोहर जामरे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

### अयोध्या से आए हुए अक्षत कलशों की निकली भव्य शोभा यात्रा

**वारासिवनी।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश भर के हिन्दू धर्मावलंबियों की सहभागिता के लिए अयोध्या से पुनीत अक्षत कलश भिजवाए गए हैं। इन अक्षत कलशों को वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों में पूजन और घर घर निमंत्रण के रुप में पहुँचाने के लिए ग्रामों से आए हुए राम भक्तों को अक्षत कलश प्रदान किए गए। इस दौरान स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर में नगर व ग्राम से आए हुए राम भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। जहॉ सभी लोगों ने पहले अयोध्या से आए हुए पुनीत अक्षत कलश की पूजा अर्चना की। उसके बाद सभी महिलाओं ने पुनीत अक्षत कलश को अपने सिर पर रखकर भव्य कलश यात्रा निकाली। यह भव्य कलश यात्रा बड़ा श्रीराम मंदिर से निकल कर आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक से दुर्गा मंदिर चौक से सब्जी बाजार होते हुए वापस राम मंदिर आयी।

## खबर संक्षेप

### पीएम यशस्वी योजना का लाभ लेने विद्यार्थी करें आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार की पीएम यशस्वी योजना अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन एन.एस.पी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। आवेदन की अंतिम तिथी 5 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेने आवेदन कर सकते हैं। पात्रता संबंधी जानकारी एन.एस.पी पोर्टल पर उपलब्ध है। पात्र विद्यार्थियों निर्धारित समय सीमा में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# बंधक मजदूरों को पुलिस ने छुड़ाया

**छपारा थाना अंतर्गत कुछ लोग मजदूरी करने महाराष्ट्र के सतारा गए हुए थे। उन्हें बंधक बनाकर काम लिया जा रहा था। छपारा थाने में रायगढ़ गांव के संदेश पंद्राम निवासी ने आवेदन दिया था। इसमें बताया कि उसके माता-पिता व बहन सहित ग्राम कमकासुर के 10 लोगों को मजदूरी के लिए महाराष्ट्र के सतारा ले गए थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

तीन महीने से उन्हें बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही है। उनके पैसे भी नहीं दे रहे हैं, वे परेशान हैं। इस पर एसपी ने पुलिस टीम तैयार कर महाराष्ट्र भेजी। निरीक्षक नियाज खान, प्रधान आरक्षक देवी सिंह मजदूरों के परिजनों के साथ ग्राम लोवडी थाना मल्हारपेट जिला सातारा पुणे महाराष्ट्र पहुंचे।

स्थानीय पुलिस की मदद से बंधक बनाए गए दुखमान पिता फततु सिंह, पप्पू पिता हीरामन यादव, ओम प्रकाश पिता सीजकुमार, सुकरती बाई पति सुमेरा, सुक्को बाई पति अकबर कुमरे, रामकुमार पिता झनक सिंह, कल्लो बाई पति अनीस कुमरे, ग्यारसीवती पति पप्पू यादव, छाया पिता दुखमान और गंगा दुलारी



पिता दुखमान को मुक्त कराकर थाना छपारा लाए। इसमें थाना प्रभारी सौरभ पटेल, सहायक उप निरीक्षक नियाज खान, प्रधान आरक्षक देवीसिंह राजपूत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। इस मामले में छपारा थाना प्रभारी सौरभ पटेल का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम को रवाना किया गया। सभी बंधक मजदूरों को वापस लाया गया है।




## केवलारी विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने 03 जनवरी 2024 को मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक के आयोजन में आज कल्चुरी होटल जबलपुर में सम्मिलित हुए एवं विधानसभा क्षेत्र की सिंचाई की समस्या बिजली की समस्या,अवैध रेत उत्खनन की समस्या एवं जिला पदाधिकारियो के रिक्त पद पर सरकारी कर्मचारीयों की नियुक्ति हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा।

## पद वृद्धि के साथ 2018 शिक्षक भर्ती पूर्ण कराने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सोमवार को स्थाई शिक्षक भर्ती 2018 के क्वालिफाइड अभ्यर्थियों ने जिला कलेक्टर को नव वर्ष की बधाई के साथ ही नव निर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल को पत्र सौंपकर पदवृद्धि के साथ तृतीय काउंसलिंग कराते हुए उच्च एवं माध्यमिक स्थाई शिक्षक भर्ती को पूर्ण कराने की मांग की ज्ञापन सौंपने के बाद पात्र अभ्यर्थी श्रीमती कीर्ति ठाकुर,अनीता नायिक ,फातिमा बेगम,छाया शर्मा,नागेश सर आदि ने बतलाया कि उच्च एवं माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2018 पिछले 5 वर्षों से मात्र के पदों पर चल रही है जिसमें प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग होने के बाद भी हजारों पद अभी भी रिक्त हैं जिसके लिए 2022 में वित्त विभाग से बजट भी स्वीकृत हो चुका है उसके बावजूद भी अभी तक तृतीय काउंसलिंग शुरू नहीं की गई है ! जिससे इन उम्रदराज पात्र अभ्यर्थियों को अपने भविष्य की चिंता सताए जा रही है और यह बार-बार जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन पत्र सौंपने के लिए मजबूर हैं! प्रमुख रूप से निम्न मांगों को लेकर दिया गया था ज्ञापन – 1.माध्यमिक शिक्षक भर्ती के उपेक्षित विषयों जैसे हिंदी,उर्दू, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान आदि के रिक्त पदों में वृद्धि कर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए ! 2.माध्यमिक शिक्षक भर्ती कुल शेष रहे 2,237 पदों पर चयन सूचियाँ जारी की जायें। 3. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के हिंदी,ऊर्दू संस्कृत, इतिहास, भूगोल, कृषि, समाजशास्त्र,रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान आदि के रिक्त पदों में सम्मानजनक वृद्धि की जाये । 4.उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के सभी विषयों के कुल शेष रहे 5,935 पदों पर चयन सूचीयाँ जारी की जायें । 5. नामों की पुनरावृत्ति पर पूर्णतः रोक लगाते हुए,विभाग परिवर्तन, प्रवर्ग परिवर्तन एवं पदोन्नति के रिक्त पदों पर शेष पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायें।

## घर-घर जाकर दिया जा रहा प्राण प्रतिष्ठा समारोह निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम के जन्मभूमि में मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। वही 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के रानी दुर्गावती गंज वार्ड बस्ती मे घर-घर जाकर अक्षत के माध्यम से निमंत्रण एवं संपर्क किया। वही भारतीय जनता पार्टी के वार्ड अध्यक्ष संदीप मानाठाकुर ने अक्षत वितरण में ग्रह संपर्क अभियान में अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु घर-घर पहुँचकर स्थानीय जनों को अक्षत देकर निमंत्रण दिया।

## वैध खाद्य लाइसेंस के बिना मांस-मछली विक्रय करने वालों पर हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, स्थानीय निकाय एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा मटन मार्केट का सतत निरीक्षण किया जा रहा है तथा खुले में मांस मछली विक्रय करने वाले व्यवसायियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी परिपेक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार विगत दिवस ग्राम आदेगांव, गनेशगंज, लखनादौन एवं बरघाट में मांस मछली दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में साफ-सफाई की कमी एवं अस्वच्छ



स्थिति में चिकन रखने एवं विक्रय करने के कारण 25 किलो चिकन को मौके पर नष्ट करवाया गया साथ ही चिकन के 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी कड़ी में बिना वैद्य खाद्य लाइसेंस, बिना पंजीयन के मांस-मछली विक्रय करने के कारण खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58, 56 के अंतर्गत 6 प्रकरण पंजीबद्ध कर व्यवसासियों को सुधार सूचना पत्र जारी किए गए। साथ ही दल द्वारा तहसील बरघाट में मांस मछली विक्रय करने संबंधी लाइसेंस हेतु कैंप लगाकर व्यवसायियों से आवेदन प्राप्त किए गए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राही हो रहे लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से संचालित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में ग्रामपंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही प्रचार वाहनों में लगी एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।इसी कड़ी में बुधवार 03 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बुढेनाखुर्द एवं मानेगांवखुर्द, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पायली कोडिया, कोडियामाल धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सुकवाहा एवं धनौराखुर्द, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नयेगांव एवं खजरी, केवलारी की ग्राम पंचायत सोनखार एवं मोहबर्रा, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत टुरिया एवं कोहका, लखनादौन की ग्राम पंचायत पाठादेवरी एवं उकारपार तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झीलपिपरिया, ईंदावाडी एवं छीतापार पहुंची।गुरूवार 04 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लोहारा एवं पोनिया, छपारा



विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिछुआबर्रा, खैरी, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत आमानाला एवं अमोली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अटरिया एवं छरी, केवलारी की ग्राम पंचायत अर्जुनझिर एवं परासपानी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सतोसा एवं झीरेवाडा, लखनादौन की ग्राम पंचायत धनककडी एवं झामरमाल तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मानेगांव, खामखरेली एवं बिहीरिया(जाम) पहुंचेगी।विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जाएगा।

### व्यय लेखा प्रस्तु नहीं करने वाले अभ्यार्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श क्षितिज सिंघल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत व्यय लेखा प्रस्तु नहीं करने पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी सिंधी कालोनी निवासी अभ्यर्थी आनंद पंजवानी, ग्राम धतुरिया निवासी अभ्यर्थी अजय ओमकार सिंह बघेल एवं ग्राम कंडीपार निवासी अभ्यर्थी मो. शादाब पटैल एवं हरिजन वार्ड ग्राम आदेगांव निवासी अभ्यर्थी तिलक सिंह जाटव तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-117 लखनादौन ग्राम करछुई पोस्ट आदेगांव निवासी अभ्यर्थी गोविंद सिंह एवं ग्राम बम्हनी निवासी संतरलाल वलारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 अनुसार अभ्यर्थी को नामांकन तारीख से निर्वाचन परिणाम की घोषणा तारीख तक अभ्यर्थी द्वारा किए गए समस्त व्ययों का लेखा संधारित कर परिणाम की घोषणा से 30 दिवस के अंदर जमा करना अनिवार्य होता है।

### शिक्षक संवर्ग अंतरिम पदक्रम सूची के संबंध में करें अभ्यावेदन प्रस्तुत

सिवनी । जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे ने बताया कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर के आदेशानुसार शिक्षक संवर्ग (उ.श्रे.शि.- प्रधानाध्यापक सहित)/ माध्यमिक शिक्षक/ खेलकूद शिक्षक श्रेणी (ब) की 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में संभाग स्तरीय अंतरिम पदक्रम सूची जारी की गई है, जिसके विरूद्ध असहमति/ त्रुटि सुधार हेतु विकास खण्डस्तर पर 08 जनवरी 24 से 11 जनवरी 2024 तक महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी, उत्कृष्ट बरघाट एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलारी में शिविर का आयेजन किया जा रहा है। प्रत्येक लोक सेवक शिविर में उपस्थित हो सूची का अवलोकन उपरांत सहमति/ त्रुटि सुधार /नाम जोडने हेतु वांछित दस्तावेज सहित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## रामकथा और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आगामी आने वाले समय मे तीन दिवसीय श्री रामकथा के साथ श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना कार्यक्रम दिनांक 20/21/22 जनवरी, स्थान मोती महल लॉन- बरघाट रोड डुंडासिवनी मे श्री अतुल रामायणी जी के मुखार बिंद से दोप से शाम ६ बजे तक संपन्न होना है। इस विषय को लेकर मोतीनाला के समीप नवनिर्मित मंदिर प्रांगण मे बैठक का आयोजन किया गया जहाँ आयोजन समिति और कार्यक्रम समिति पर चर्चा हुई। बैठक मे आगामी समय के लिए प्रचार प्रसार और सुझाव भी आमंत्रित किये गये।



दिनांक 20 जनवरी को नर्मदेश्वर शिवलिंग की शोभा यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से नेहरू रोड, काली चौक, बरघाट नाका, होते हुए मोती महल लॉन जायेगी जिसमे सभी श्रद्धालु जन सम्मिलित रहेंगे। दिनांक 22 जनवरी को हवन पूजन प्राण प्रतिष्ठा एवं भण्डारा सम्पन्न होगा। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति सिवनी के द्वारा उक्त आयोजन आयोजित है जिसमे सभी धर्म प्रेमियों से उपस्तिथि का आगृह है।

## सावित्री फुले की मनाई गई जयंती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सावित्री फुले द्वारा वर्ष 1884 मे महिलाओं और वंचित समुदाय के बच्चों के लिए भारत में पहली पाठशाला प्रारंभ की गई वे भारत की पहली महिला शिक्षिका बनी। इस प्रकार उन्होंने हमारे देश के सभी महिलाओं और बहुसंख्यक वंचित लोगों के लिए शिक्षा के द्वार खोले जिनके लिए हजारों वर्षों से शिक्षा प्रतिबंधित थी । शिक्षा के क्षेत्र में उनके इस अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें जन्म दिवस 3 जनवरी को हमारे देश में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। सावित्रीबाई पहले स्वयं शिक्षिका हुई फिर उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर उन्होंने महिलाओं और वंचितों के लिए अनेक शाला खोली इसके लिए उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा और असमानता पर आधारित समाज से उन्हें अनेक प्रताड़ना और अपमान सहन करना पड़ा पर वह रुकी नहीं और शिक्षा का कार्य निरंतर जारी रखा सावित्रीबाई एक कवित्री थी और महिला पुरुष समानता की प्रेरणा थी। मूवमेंट 21, 3 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाता है और सभी को गुणवत्तापूर्ण सम्मान शिक्षा प्राप्त हो जिसमें गायन ,नृत्य, लघु नाटिका ,क्विज आदि शामिल थे बच्चों को लेकर बुजुर्गों तक लगभग सभी आयु वर्ग के लोग इसमें सहभागिता हुए और भरपूर आनंद उठाया सावित्रीबाई फुले के कार्यों को याद किया गया और उनके अतुल योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता की गई।

## 404 का आंकड़ा पार करने का लक्ष है - सूरज ब्रम्हे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अल्प प्रवास पर सिवनी पहुंचे नरेन्द्र मोदी विचार मंच के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव सूरज ब्रम्हे के मुख्य आतिथ्य में युवा शाखा प्रदेश अध्यक्ष संजुल सोनी की अध्यक्षता में एवं नरेन्द्र मोदी विचार मंच के प्रदेश महामंत्री कांशीराम बघेल के विशेष आतिथ्य में नरेंद्र मोदी विचार मंच की बैठक सिवनी के सर्किट हाउस में आयोजित कि गई बैठक में राष्ट्रीय मुख्य महासचिव सूरज ब्रम्हे ने पदाधिकारियों को 404 का आकड़ा पार करने का लक्ष बताते हुवे कहा की 2024 में नरेन्द्र मोदी विचार मंच का लक्ष 404 का आकड़ा पार करने का



लक्ष रखा है। जिसके लिए देश के हरेक प्रान्तो में बैठकें ली जा रही है। इसी उद्देश्य को लेकर आज हम सिवनी पहुंचे हुवे हैं। श्री ब्रम्हे ने कहा की यदि हमारे किसी दुश्मन को भी टिकिट मिलती है तो हमें सिर्फ मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए काम करना है। बैठक में जिला अध्यक्ष अयंक पावर , जिला संगठन मंत्री रवि पवार, अंशुल सेही,शुभम सहारे,लकी रघुवंशी, अर्जित सक्सेना, पीयूष, शुभम ,गगन,राजा, संयोग, नीलू ,अंकित राजेंद्र ब्रम्हे, महेन्द्र नागेश्वर आदि पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## विश्व की सकल जैन समाज के गौरवशाली क्षण

# गुरू शिष्य का डाक टिकिट व 20 का सिक्का जारी किया गया भारत सरकार द्वारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

युगश्रेष्ठ तपस्वी सम्राट दिगंबर जैन आचार्य श्री सन्मति सागर जी ऋषिराज के 14वे समाधि वर्ष व उनके आज्ञानुवर्ती सुशिष्य वर्तमान चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराजके 14 वे पट्ट पदारोहण वर्ष पर माननीय भारत सरकार द्वारा 20रु का सिक्का व डाक टिकिट जारी किया जिस पर दोनों पूज्यपाद आचार्यो के चित्र आशीष स्वरूप अंकित किए गए हैं। दिनांक 2 जनवरी 2024 को तीन तीर्थंकरो की जन्म भूमि हस्तिनापुर उत्तरप्रदेश की पावन धरा पर पूज्यवर आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के पावन कर कमलों से इन डाक टिकिट व सिक्कों का विमोचन विशिष्ट गणमान्य अधिकारियो की उपस्थिति में किया गया।



## एपीएल टूर्नामेंट : बुधवार को प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफइनाल खेला गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एपीएल टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया की पी.जी कॉलेज ग्राउंड भैरोगंज में आयोजित एडवोकेट प्रीमियर लीग ए.पी.एल
सीजन-4 टूर्नामेंट में बुधवार को प्रतियोगिता का सेमीफइनाल मुकाबला ऑरेंज11 एवं ब्लू11 के मध्य खेला गया।ऑरेंज11 के कप्तान ऋषभपाल सिंह बघेल एवं ब्लु11 के कप्तान रितेश आहूजा के मध्य हुए टॉस में टीम ऑरेंज11 के कप्तान के द्वारा टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया गया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्लू11 ने निर्धारित 12 ओवरों में 3 विकेट खोकर 142 रनो का विशाल स्कोर बना दिया।ब्लू11 की ओर से अशरफ खान ने शानदार नाबाद 55 रन की पारी खेली।सतीश यादव ने 45 रन बनाये।ऑरेंज11 की ओर से ऋषभपाल सिंह बघेल ने 1 विकेट एवं रोहित सिंह ने 1 विकेट लिया।143 रनो के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑरेंज11 ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर 122 रन बना सकी ऑरेंज 11 के ऋषभपाल सिंह बघेल ने 18 गेंदो में चार छक्के ओर पांच चौकों की मदद से 38 रनो के आतिशी पारी खेली पर अपनी टीम को जीत नही दिला सके।संजय ठाकुर ने 24 रन बनाये।ब्लू11 की ओर से रितेश आहूजा ने 2,नीतेश सक्सेना ने 2,सतीश यादव एवं नीरज तिवारी ने 1-1 विकेट लिया।ओर इस तरह ब्लू11 ने 20 रनो से इस मुकाबले में जीत दर्ज की ओर फाइनल में अपनी जगह बनायीं।ओर पहले फाइनलिस्ट टीम बन गयी। मैच के मैन ऑफ दा मैच 55 रनो की नाबाद पारी खेलने वाले ब्लु11 के अशरफ खान रहे। ए पी एल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने बताया हैं की दिनांक 04/01/2024 को प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफइनाल अधिवक्ता येल्लो11 एवं अधिवक्ता ग्रे11 के मध्य सुबह 8 बजे से खेला जायेगा। प्रतोयोगिता का फाइनल मैच 7/01/2024 को खेला जायेगा।

### रोमांचक मैच में जीतकर जबलपुर पहुची सेमीफाइनल में

केवलारी / एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के तत्वाधान में चल रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव के पांचवे दिन दूसरे क्वाटर फाइनल मैच स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संदीप त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रशांत तिवारी (सभापति नगरपंचायत ),आलोक अग्रवाल ,राजू ठाकुर ,दिनेश राय ,के विशिष्ट आतिथ्य में नरसिंगपुर एवं के के जबलपुर के बीच खेला गया। जिसमें पहले जबलपुर ने बल्लेबाजी करते हुए के के जबलपुर ने निर्धारित 20 ओवर में 216 रन का विशाल स्कोर बनाया।शानदार बल्लेबाजी करते हुए कनिष्क दुबे 75 रनों की पारी खेली।जवाब में नरसिंगपुर की टीम विशेष के आक्रामक 87 राण की बदौलत लक्छ के करीब पहुचकर मैच में रोमांच ला दिया।ओर जबलपुर मैच 14 रानो से जीत गई।अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कनिष्क को मेन ऑफ द मैच दिया गया।

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने ली हड़ताल वापस

# वाहन चालकों की हड़ताल खत्म : केंद्र सरकार हिट एंड रन कानून अभी नहीं करेगी लागू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

हिट एंड रन मामले में एक जनवरी से चालक संघ की हड़ताल मुख्यालय सहित पूरे जिले में चली आ रही है, जिसके बाद 2 जनवरी की देर रात सरकार के कानून लागू नहीं करने के आश्वासन के बाद वाहन चालकों की हड़ताल खत्म हो गई। दो दिनों से हड़ताल के कारण बंद वाहनों का परिवहन भी शुरू हो गया।

जिलाध्यक्ष महेश सहारे ने कहा कि सरकार की ओर से वर्तमान में कानून लागू नहीं करने का लिए गए फैसले का वाहन चालकों ने स्वागत किया है। साथ ही अपनी हड़ताल को वापस ले लिया है। ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कांग्रेस की बैठक हुई।

भादंसं. 106(2) जिसमें चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख जुर्माना के कानून को लागू नहीं करने का फैसला किया है, जिसके बाद हमने हड़ताल को खत्म कर दिया है। तानाशाही सरकार के खिलाफ यह चालकों की जीत है, ताकत और एकजुटता के साथ इस काले कानून का विरोध किया।

जिसका परिणाम यह है कि सरकार ने कानून को लागू नहीं करने का फैसला लिया है। इसके लिए सभी वाहन चालक संघ बधाई के पात्र है, जिन्होंने अपनी एकजुटता का परिचय दिया। वहीं एसडीएम राहुल नायक और सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा भी हड़ताली वाहन चालकों से मिले और उन्हें समझाइश दी कि वह शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे।

चूंकि यह वरिष्ठ स्तर का मामला है इसलिए इसका फैसला वरिष्ठ स्तर पर ही होगा लेकिन कोई भी चालक अति आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को रोककर बेवजह शांति भंग ना करें। यदि वह ऐसा करते है तो फिर इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार से कानून को कोई भी प्रदर्शनकारी चालक अपने हाथ में ना ले।






## सुपोषित भारत-साक्षर भारत की थीम पर 2555 आगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण अभियान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास विभाग म.प्र. शासन जिला-बालाघाट द्वारा भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत जिले की समस्त 2555 आगनबाड़ी केन्द्रों में राष्टीय पोषण अभियान अंतर्गत ₹सुपोषित भारत-साक्षर भारत₹ की थीम से अत्यंत उत्साह एवं हर्ष उल्हास के साथ गतिविधियों संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कमला नेहरू सभा ग्रह आम्बेडकर चौक बालाघाट में किया गया। उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्धेश्य जीवन के प्रथम 1000 दिवस के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण आवश्यकता के प्रति जागरूकता, शीघ्र स्तनपान एवं केवल स्तनपान, एनीमिया मुक्त भारत, बच्चों की शारीरिक एवं मासिंक वृद्धि, पोषण हेतु पोषण पंचायतो से जन आदोलन एवं सफाई, स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता लाना है। कार्यशाला के दौरन मख्य रूप से सतत स्थनपान एवं उपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी. मोटे अनाज (श्रीअन्न) पोषण वाटिका, योगा, एनीमिया निवारण आदि अनेको गतिविधियों के महत्व के बारे मे समझाया गया। जिला राष्टीय पोषण अभियान कार्यशाला में नवाचार के रूप में पोषण देवी का प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को इसके लाभ से अवगत कराया गया। स्वास्थ विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम (RBSK) अंतर्गत उपस्थित प्रतिभागीयो का स्वास्थ परिक्षण किया गया। साथ ही स्वस्थ बालक, बालिका प्रतियोगिता के तहत 5 बच्चों को एवं उत्कृष्ट कार्य के लिये आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यकम अधिकारी श्री प्रशांतदीप सिंग ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया।

## 243 हितग्राहियों ने सुनाई मेरी कहानी मेरी जुबानी

# संकल्प यात्रा में 1951 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान रविवार को कुल 1951 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच हुई। इसमें बिरसा के 10, कटंगी के 281, खैरलांजी के 226, बालाघाट के 28, लांजी के 284, किरनापुर के 352, वारासिवनी के 185, बैहर के 129 और लालबर्रा व परसवाड़ा के 228-228 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। यात्रा के दौरान कुल 2390 नागरिकों की टीबी की जांच और 423 की सीकल सेल जांच की गई है तथा 243 हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनायी गई।

### बुधवार को इन गावों में पहुंची यात्रा

यात्रा बुधवार को बैहर जनपद के ग्राम किनारदा व करवाही, परसवाड़ा के ग्राम लिंगा व परसवाड़ा, लांजी के ग्राम पूर्वाटोला व टेकरी, कटंगी के ग्राम कालीमाटी व लिंगापौनार, बालाघाट के ग्राम ओरम्हार व समनापुर, वारासिवनी के ग्राम बघोली व बकेरा, किरनापुर के ग्राम केशा व सुसवा, खैरलांजी के ग्राम किन्ही व कुम्हमली, बिरसा के ग्राम मानेगांव कैंडाटोला व सरघट और लालबर्रा जनपद के ग्राम सिहोरा व खुरपुडी में पहुंची।

### आज इन गावों का करेगी भ्रमणी

यात्रा आज को बैहर जनपद के ग्राम खोलवा व जत्ता, परसवाड़ा के ग्राम चीनी व भीडी, लांजी के ग्राम सिरेगांव व कुम्हारीकला, कटंगी के ग्राम देवठाना व कामठी, बालाघाट के ग्राम जरेरा व कुम्हारी, वारासिवनी के ग्राम उमरवाडा व सिंगोडी, किरनापुर के ग्राम साल्हे व रमगढी, खैरलांजी के ग्राम चिचोली व तुइयापार, बिरसा के ग्राम सुंदरवाही व माटे और लालबर्रा जनपद के ग्राम पांढरवानी व औल्याकन्हार में भ्रमण करेगी।

# दो सड़क हादसे: कार की चपेट में आई महिला की मौत; पोल से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में बुधवार को दो सड़क हादसे हुए। इसमें एक महिला की मौत हो गई। युवक गंभीर रूप से घायल है। शाम करीब 5 बजे शहर के व्यस्ततम काली पुतली चौराहे के पास एक कार ने महिला को टक्कर मार दी। इससे महिला की मौत हो गई। नगरपालिका से निकाले युवक ने वाहन चालक की मदद से महिला को कार के नीचे से निकाला। इसके बाद वे कार से उसे अस्पताल लाए। जहां महिला को ड्यूटी चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। महिला कौन है, कहां से आई है? यह पता नहीं चला है।



अस्पताल की सूचना पर चौकी पुलिस ने शव को फ्रिजर में रखवा दिया है। मामले की पतासाजी की जा रही है। दूसरी घटना खैरी के समीप की है, जहां युवक की बाइक पोल से टकरा गई7 इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला चिकित्सालय के बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।छोटी कुम्हारी निवासी मोहित पिता नंदलाल भलावी, अपनी बाइक से बालाघाट से घर जा रहा था। ग्राम खैरी के समीप एक खंभे से टकरा गया।

## स्वास्थ्य विभाग ने पीवीजीटी बसाहटों के लिए बनाए प्रस्ताव

# पीएम जन-मन के तहत बहुउद्देशीय सेवा केंद्रों की होगी स्थापना

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध कराई जानी है। इसी सिलसिले में गत दिनों भारत शासन के प्रतिनिधि श्री राहुल कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक के उपरान्त बैहर जनपद के बिठली गांव में आयोजित हुए शिविर का अवलोकन किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने पीवीटीजी बसाहटों में बहुउद्देशीय सेवा केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव बनाये है। सीएमएचओ ड़ॉ. मनोज पांडे ने बताया कि निर्देशानुसार ऐसी बसाहटें जहां 5 किमी. के दायरे में कोई स्वास्थ्य संस्था न हो वहां ऐसे केंद्र बनाए जाने है। उसी तारतम्य में बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लांजी, बालाघाट और लालबर्रा की बसाहटों का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार किये गए है। इसके बाद सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एसडीएम बैहर व सम्बंधित अनुभागों को भूमि आवंटन के लिए पत्राचार किया गया है।

पीएम जन-मन अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गए अध्ययन और बनाए प्रस्ताव के अनुसार ऐसे 57 एमपीएस (मल्टीपर्पस सेंटर) स्थान चुने गए है। इसमें बैहर में सबसे अधिक 24, परसवाड़ा में 15, बिरसा में 8, बालाघाट में 6 और लांजी, और लालबर्रा में 2-2 स्थान ऐसे है जहां के 5 किमी के दायरे में कोई स्वास्थ्य संस्था नही है।

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीवीटीजी (पर्टिकुलरली वल्नेरेबल ट्राईबल ग्रुप्स) भारत में कुछ ऐसे समुदाय हैं जिन्हें अनुसूचित जनजातियों में सबसे कमजोर के रूप में पहचाना जाता है।

## ऑल इंडिया समता सैनिक दल की तहसील शाखा का हुआ गठन

**वारासिवनी।** स्थानीय रमाबाई बुद्ध विहार वार्ड नंबर 4 में ऑल इंडिया समता सैनिक दल की तहसील शाखा की पुरुष एवं महिला विंग की कार्यकारिणी का गठन ऑल इंडिया समता सैनिक दल के प्रांतीय अध्यक्ष आर सी नागदेवे, सहसचिव एन आर डोंगरे, ऑल इंडिया समता सैनिक दल के सक्रिय सदस्य चितरंजन वासनिक के विशेष आतिथ्य एवं सुरेश बन्सोड़ जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया समता सैनिक दल की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रक्रिया में सर्वप्रथम परिसर में स्थित आदमकद डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया एवं बाबा साहब के जयकारे लगाए गए। उसके बाद विहार में स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्पहारो से प्रतिमाओं का स्वागत किया गया। फिर डॉक्टर आर के डोंगरे द्वारा सामूहिक त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराई गई।

# ग्राम हट्टा की बावली मे पुलिस द्वारा आयोजित किया गया मेडिकल केम्प

हरिभूमि न्यूज हट्टा।



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम हट्टा की बावली में दिनांक 1 जनवरी 2024 से 3 जनवरी 2024 तक गोन्डवाना सम्मेलन आयोजन गया जिसमें पुलिस थाना हट्टा के तत्वावधान मे बालाघाट रेन्ज व जिला बालाघाट के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विशाल स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन किया गया जिसमें हट्टा थाना के निरीक्षक श्री भूपेंद्र सिंग पन्द्रो ने पुलिस व जनता के बीच मधुर संबंध बनाने मे प्रेरित किया जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नक्सल सेल अधिकारी राजेश राय द्वारा वृद्ध लोगों को कम्बल वितरण एवं स्कूल के बच्चों को बेग एवं किक्रेट बाल देकर प्रोत्साहित किया गया स्वास्थ्य शिवीर मे पुलिस चिकित्सक डॉ पी आर रोकडे , हट्टा पी.एस.पी. से डॉ दीक्षा , डॉ हर्षा अजीत, व सहयोगी राजेश कावरे ने 180 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया। शिवीर मे धार्मिक साहित्य प्रसार केन्द्र बालाघाट द्वारा होमियोपैथिक दवाईयां प्रदान की गई। इसमें पुलिस थाना हट्टा से सुनील नगपूरे , सुखलाल नगपूरे एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## पानी में डूबने पर मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**बालाघाट।** जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राहुल नायक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 06-04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से 11 नवम्बर 2023 को पानी में डूबने के कारण लामता तहसील के ग्राम कोचेवाड़ा के निवासी गंगाराम के वारिस पुत्र मंगलदास को, 4 अक्टूबर 2023 को महाकारी नदी में डूबने से हुई मृत्यु पर लामता निवासी राजेश नामदेव के वैध वारिस पत्नि शंकुतला को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। इसी प्रकार 27 अक्टूबर 2023 को हीरापुर निवासी पंकज कराडे के वैध वारिस माता पार्वती कराडे तथा 22 अक्टूबर 2023 को बालाघाट के निवासी लवांश मात्रे के वैध वारिस पिता विनोद मात्रें को वैनगंगा नदी के पानी में डूबने से हुई मृत्यु उपरांत मृतकों के परिवार को

## सांसद ने सीएम तो विधायको ने विपणन अधिकारी को लिखा पत्र

# जिले की धान बाहरी जिलो में ना भेजी जाए, राईस मिलर्स ने दी चेतावनी, अनुबंध निरस्त नहीं किए तो नहीं करेंगे मिलिंग कार्य बंद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक कहावत है दिया तले अंधेरा और यही जिले के राईस मिलर्स के साथ हो रहा है। जिले के लगभग 110 राईस मिलर्स का मूल काम राईस मिलिंग है, जिससे ना केवल उनका व्यवसाय बल्कि सैकड़ो मजदूरों का पेट भी जुड़ा है। एक जानकारी के अनुसार 35 से 40 लाख क्विंटल धान की मिलिंग क्षमता जिले के राईस मिलर्स रखते है, बावजूद इसके जिले की उत्तम क्वालिटी की धान, बाहरी जिलो के राईस मिलर्स को दी जा रही है, जिसको लेकर राईस मिलर्स ने मोर्चा खोल दिया है।


अब राईस मिलर्स का जिले के जनप्रतिनिधियो ने भी समर्थन किया है और जिले की धान को बाहरी जिलो में ना भेजे जाने को लेकर मुख्यमंत्री और विपणन अधिकारी को पत्र लिखा है। वहीं राईस मिलर्स एशोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि अन्य जिलो के राईस मिलर्स से किए गए धान का अनुबंध निरस्त नहीं किया जाता है तो जिले में मिलिंग का काम बंद कर देंगे। इसके बाद शासन और प्रशासन स्वतंत्र है कि वह बाहरी जिलो के मिलर्स से मिलिंग करवा ले।

### सांसद ने सीएम को लिखा पत्र

बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर, बालाघाट एवं सिवनी जिले की धान को अन्य जिलो में ना भेजे जाने का अनुरोध किया है। सांसद डॉ. बिसेन ने पत्र में लिखा है कि संसदीय क्षेत्र धान उत्पादक जिला है और संसदीय क्षेत्र में लगभग दो सौ राईस मिले है, जो कि पूर्णतः जिले से उत्पादित धान पर ही निर्भर है। चूंकि इस वर्ष मौसम अनुकुल नहीं होने और धान की फसल प्रभावित होने से जिस कारण समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी कम होने की संभावना है। बावजूद इसके करोड़ो रूपए का भाड़ा खर्च कर रायसेन, धार और अन्य जिलो में जिले की धान भेजी जा रही है। जिससे संसदीय क्षेत्र के राईस मिलर्स का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। जो क्षेत्र के व्यवसायियों और मजदूरों के लिए रोजगार का साधन है। संसदीय क्षेत्र में पर्याप्त भंडारण क्षमता के बावजूद जिले की धान को अन्य जिलो में भेजा जाना उचित नहीं है। वहीं परिवहन से शासन पर अतिरिक्त व्यय भार भी पड़ रहा है। जबकि जिले के वेयर हाउस खाली है, जबकि कई वेयर हाउस संचालक ने लोन लेकर वेयर हाउस का निर्माण कराया है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिसे देखते हुए धान को अन्यत्र जिलो में ना भेजा जाए।

### विधायकों ने लिखा विपणन अधिकारियों को पत्र

धान का कटोरा कहे जाने वाले जिले के राईस मिलर्स और इनसे जुड़े मजदूरों के रोजगार को लेकर गंभीर जिले के नवनिर्वाचित विधायकों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर इस मामले में विपणन अधिकारी को पत्र लिखकर जिले की धान को बाहरी जिलो में ना भेजे जाने की बात कही है। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल और लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे ने मौसम खरीबी के कारण धान उत्पादकता प्रभावित होने से धान की कमी को देखते हुए राईस मिलर्स एवं मजदूरों से जुड़े इस व्यवसाय को बचाए रखने विपणन अधिकारी को जिले की धान तत्काल प्रभाव से अन्य जिलो के मिलर्स को प्रदाय करना बंद किए जाने के लिए कहा है।



### राईस मिलर्स ने दी चेतावनी, अनुबंध निरस्त नहीं हुए तो बंद कर देंगे मिलिंग कार्य

राईस मिलर्स एशोसिएशन मोनु भगत ने कहा कि विपणन संघ द्वारा प्रदेश के रायसेन, धार, छिंदवाड़ा और हरदा जिले के मिलर्स से अनुबंध कर उनको धान प्रदाय करने का आदेश दिया है। चूंकि इस वर्ष धान उत्पादन में मौसम के असर और बाजार में धान के अच्छे दाम से जिले में 45 लाख क्विंटल से ज्यादा क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी संभव है, बावजूद इसके विपणन संघ से उच्च अधिकारियों को आंकड़े दिए जा रहे है कि 60 लाख क्विंटल की धान खरीदी होगी और इसको आधार बनाकर अन्य जिले में मिलिंग एवं भंडारण के लिए 20 लाख क्विंटल धान बाहर भेजे जाने की योजना बनाई जा रही है। जो जिले के राईस मिलर्स को स्वीकार नहीं है। जिले के मिलर्स, मिलिंग की निर्धारित अवधि तक 50 लाख क्विंटल धान मिलिंग करने में सक्षम है। राईस मिलर्स एशोसिएशन ने मांग की है कि पहले जिले के ओपन कैप, गोदाम और मिलर्स द्वारा धान के उठाव की मात्रा को 50 लाख क्विंटल तक आरक्षित किया जाए और इसके बाद यदि धान बचती है तो अन्य जिलो को को मिलिंग एवं परिवहन के लिए प्रदाय किया जाए। यदि अन्य जिले के अनुबंध निरस्त कर आरओ प्रदाय करना बंद नहीं किया जाता है तो जिले के राईस मिलर्स आगामी 8 जनवरी सोमवार से अनिश्चितकाल तक मिलिंग का काम बंद कर देंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला विपणन अधिकारी की होगी।

### बीते वर्ष से कम खरीदी

बीते 2022-23 उपार्जन वर्ष में बीते 2 जनवरी 2022 तक जिले की 196 खरीदी केंद्रो में 79316 किसानों ने 4023979.04 क्विंटल धान खरीदी गई थी। जबकि इस वर्ष 2 जनवरी तक जिले में 58482 किसानों से 2959427 क्विंटल ही धान की खरीदी हो सकी है। जिसमें एक बड़ा अंतर है और जिस तरह से विपणन संघ, इस वर्ष 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की संभावना जता रहा है, इन आंकड़ो से नहीं लगता कि यह संभावना, संभव हो पाएगी।

## शिकायत मिलने पर की जाएगी कड़ी कार्यवाही: एसडीएम

# फर्जी पत्रकारों से उपार्जन केंद्र प्रभारी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का दौर चालू है। जिसमें रोजाना लाखों क्विंटल धान खरीदी केंद्रों में पहुंच रही है। वहीं इन धान खरीदी केंद्रों में पदस्थ केंद्र प्रभारियों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहीं फटे बारदाने तो कहीं किसानों द्वारा की जा रही स्लॉट बुकिंग, तो कहीं परिवहन की समस्या से लगातार परेशान हो रहे है वहीं अगर जिला मुख्यालय से विभाग का कोई वरिष्ठ अधिकारी पहुंच जाए तो कोई कमी मिलने पर कार्यवाही अलग से डर। इन सब के बावजूद केंद्र प्रभारी लगातार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक कर भी रहे है परंतु जिले की तहसीलों में बने केंद्रों मे जिला मुख्यालय एवं अन्य कई स्थानों से तथाकथित पत्रकारों का झुंड इन खरीदी केंद्रो में पहुंचकर उपार्जन केंद्र प्रभारियों से समाचार प्रकाशन करने की धमकी देकर धन उगाही में लगे हुए है जिसका उपार्जन केंद्र प्रभारी चाहकर भी विरोध नहीं कर पा रहे है। वहीं नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर उपार्जन केंद्र प्रभारी कहते है की अधिकारियों से पूर्व में आयोजित बैठक में इस तरह की शिकायते की गई थी परंतु अधिकारियों ने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जिससे क्षेत्र में झुंड बनाकर तरह-तरह की आईडी और माईक चमकाकर उपार्जन केंद्र प्रभारी से धन उगाही का कार्य किया जा रहा है जिससे किसान भी खासे परेशान है।

### 20 से 25 की संख्या में पहुंच रहे कथित पत्रकार

उपार्जन केंद्र प्रभारियों ने बताया की एक उपार्जन केंद्र में इन दिनों कम से कम 20 से 25 की संख्या में पत्रकार पहुंच रहे है जिन्हें मैनेज करना अब उनके बस के बाहर है, सभी अपनी पत्रकारिता और समाचार प्रकाशित करने की बात कहकर हमें लूटने का कार्य कर रहे है वहीं उनकी धनपूर्ति की मांग पूरी नहीं करने पर इन लोगों के द्वारा अधिकारियों को गलत जानकारी देते हुए हमे डराने का काम किया जा रहा है जिससे हमारे केंद्रों में कार्य भी प्रभावित होते है। ऐसे में अधिकारियों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देते हुए कथित पत्रकारों पर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि पत्रकारिता की छवि धूमिल न हो।

### उपार्जन केंद्र प्रभारी करें शिकायत, होगी कार्यवाही: एसडीएम

वहीं इस संबंध में लांजी एसडीएम प्रदीप कौरव ने कहा की मुझे इस संबंध में जानकारी मिल रही है परंतु कोई भी स्पष्ट रूप से शिकायत नहीं कर रहे है जिससे ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने में दिक्कते आ रही है। लिखित रूप से शिकायत मिलने पर ऐसे तथाकथित पत्रकारों सख्त कार्यवाही करते हुए उन पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। तथा इस तरह की अवैध वसूली करके उपार्जन केंद्र प्रभारियों को परेशान करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।